पत्र संख्या- स्था0-6 समा0क0- सेवा सम्बन्धित पत्र /2021-22/ 3713 **/वाणिज्य कर**

अनुस्मारक

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश,
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ//दिनाँक- 16 **नवम्बर, 2021**

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
(नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, झाँसी, मेरठ एवं गोरखपुर जोन को छोड़कर)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्र सं0 3606 दिनाँक 03-11-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में आप द्वारा प्रेषित कर्मचारियों के सेवा सम्बन्धित प्रकरणों की सूचना जैसें- **कर्मचारियों** की ए0सी0पी0, समयमान वेतनमान, स्थायीकरण, सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयकों के समस्त भुगतान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, कोविड/नॉन कोविड से मृत कर्मचारियों की नियुक्ति एवं अन्य सेवा सम्बन्धी प्रकरणों को संकलित कर अवलोकन हेतु **कमिश्नर महोदया** के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की गयी। पत्रावली के अवलोकनोपरांत महोदया द्वारा दिनांक 22-11-2021 को पूर्वान्ह 11:00 बजे मीटिंग आहूत करते हुए निर्देश दिये गये है कि अपने जोन से सम्बन्धित प्रत्येक प्रकरणों का विश्लेषण कर उनका निस्तारण कराकर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराये। जिस पर **कमिश्नर महोदया** द्वारा पुनः समीक्षा की जानी हैं।

उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने-अपने जोन से सम्बन्धित **कर्मचारियों** के अनिस्तारित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारित कराते हुए दिनांक 17-11-2021 तक सूचना अधोहस्ताक्षरी को ई-मेल- **cta3comhqlu-up@nic.in** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि कमिश्नर महोदया को यथास्थिति से अवगत कराया जा सकें।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रतिलिपि, पृष्ठांकन, पत्र सं0 व दिनाँक उक्त।

1- ज्वाइंट कमिश्नर, एवं वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी प्रथम वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ को कमिश्नर महोदया के अवलोकनार्थ।

2- ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को **विभागीय वेबसाइट** पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

atul tej